केन्द्रीय विद्यालय संगठन

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र 3 भोपाल (I/II shift)
PM Shri Kendriya Vidyalaya No.3 Bhopal (I/II shift)
**शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान**
Danish Nagar, Hoshangabad Road, Bhopal (M.P.)-462 026
Tel. No.: 0755 - 2926863 (P) KV Code: 1094, Station Code: 052
CBSE Aff. No.1000073, School Code: 54134, U-DISE Code: 23320302431
**Website** https://no3bhopal.kvs.ac.in **E-mail:** kvno3bhopal@gmail.com

फा.1094/पीएम श्री के.वि.क्र.3 भोपाल/02/2025-26/ दिनांक:27.06.2025

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण / सभी क्रय-विक्रय / ई-वेस्ट फर्मों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3 भोपाल द्वितीय पाली में फर्नीचर,रसायन विज्ञान, संगीत, SUPW, मेडिकल, पुस्तकालय विभागो में पुरानी अनुपयोगी वस्तुओं / पुस्तकों आदि की नीलामी दिनांक को किया जाना है।

जिसमे इच्छुक व्यक्ति / क्रय-विक्रय फर्म / ई-वेस्ट फर्म दिनांक 11/07/2025 तक दोपहर 12:30 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक आकर विद्यालय परिसर में "जिस हाल में है उसी हाल में" नीलामी योग्य वस्तुओं का अवलोकन कर सकते है । कार्यालय द्वारा निर्धारित वस्तुओं की न्यूनतम बोली दिनांक 11/07/2025 दोपहर 12:30 बजे प्राचार्य द्वारा निर्धारित की जाएगी व् अधिकतम बोली लगा कर खरीदी जा सकती है। इच्छुक क्रेतागण अधिकतम बोली लगा कर इस अवसर का लाभ उठाएं ।

संलगनक - आवश्यक शर्तें ।

(जितेंदर सिंह रावत)

प्राचार्य

प्राचार्य / Principal
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3
PMShri Kendriya Vidyalaya No. 3
भोपाल / Bhopal

प्रतिलिपि :

1. उपायुक्त महोदय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल को सादर सूचनार्थ।
2. केन्द्रीय वि सं भोपाल संभाग के समस्त केन्द्रीय विद्यालय को इस अनुरोध के साथ कि अपने विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें ।
3. श्री डी.के.श्रीवास्तव, प्रभारी विद्यालय के स्कूल नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर जानकारी चस्पा/अपलोड करने बावत।

प्राचार्य

केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3 भोपाल

प्राचार्य / Principal
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3
PMShri Kendriya Vidyalaya No. 3
भोपाल / Bhopal

# आवश्यक शर्तें

1. सभी बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति या संस्था को ₹ 5000/-की धरोहर धनराशि समिति के पास जमा करनी होगी जिसे बोली में सफल होने वाली फर्म को छोड़कर सभी को उसी दिन धरोहर धनराशि वापस कर दी जाएगी।
2. उच्च बोली लगाने वाले व्यक्ति या संस्था जो भी नियमानुसार हो को अनुपयोगी सामग्री बेची जाएगी ।
3. सफल बोलीदाता द्वारा बोली की पूर्ण धनराशि उसी दिन केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 के विद्यालय विकास निधि खाते में जमा करनी होगी।
4. नीलामी योग्य वस्तुओं का निरीक्षण इच्छुक इच्छुक व्यक्ति या संस्था द्वारा प्रातः 9:00 बजे से 2:00 बजे की अवधि में किया जा सकता है।
5. समस्त दस्तावेज और औपचारिकताओं की कार्यवाही के उपरांत ही उच्च बोली दाता को सामग्री सुपुर्द की जाएगी।
6. सफल बोलीदाता को दो दिवस के अंदर सामग्री को स्वयं के खर्चे पर उठाना होगा आम अन्यथा राशि ₹1000/- प्रतिदिन के लिए दंड स्वरूप किराया वसूला जाएगा।।
7. यदि सफल बोलीदाता उसी दिन और विस्तारित विस्तारित अवधि 2 दिन के अंदर सामग्री को नहीं उठाते हैं तो उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही तथा तथा सामग्री को पुनः बेचने की कार्यवाही बोली दाता उनके स्वयं के लागत पर की जाएगी।
8. बोलीदाता एवं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 भोपाल के मध्य किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 भोपाल का सर्वमान्य होगा ।
9. नीलामी की तिथि के दिन यदि कोई अवकाश घोषित होता है तो नीलामी प्रक्रिया अगले कार्य दिवस पर संपन्न होगी ।
10. नीलामी प्रक्रिया को बिना किसी कारण अथवा किसी समय रोकने एवं समाप्त करने का पूर्ण अधिकार केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 भोपाल के पास होगी।
11. बोली दाता को नीलामी के समस्त नियम एवं शर्तें माननी होगी।
12. विद्यालय कर्मचारी अथवा उनके परिवार के कोई सदस्य या संबंधी इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे ।
13. ई-वेस्ट तथा कंप्यूटर सामग्री की नीलामी हेतु ई-वेस्ट प्रमाण पत्र का होना आवश्यक है जिसे समिति के पास प्रस्तुत करना होगा ।
14. सफल बोलीदाता नीलम की गई सामग्री को उचित तरीके से निस्तारण के लिए जबाबदेह होगा तथा इस हेतु ई वेस्ट का प्रमाण पत्र देना होगा ।

**(जितेंदर सिंह रावत)**

**प्राचार्य**

**केन्द्रीय विदयालय क्र. 3 भोपाल**

प्राचार्य / Principal
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3
PMShri Kendriya Vidyalaya No. 3
भोपाल / Bhopal